भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

01.04.2026 के

तारांकित प्रश्न सं. 525 का उत्तर

त्रिवेणी एक्सप्रेस का प्रचालन पुनः आरंभ किया जाना

***525. श्री छोटेलाल:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

त्रिवेणी एक्सप्रेस, जिसके चार डिब्बे बरवाडीह, दुद्धी के रास्ते चलते थे और रेनुकूट, चोपन में वापस जुड़ जाते थे, का प्रचालन पुनः आरंभ किए जाने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

दिनांक 01.04.2026 को लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 525 के उत्तर से संबंधित विवरण।

वर्तमान में, बरवाडीह-चोपन सेक्टर को 28 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जाता है, जबकि चोपन-टनकपुर सेक्टर को 02 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जाता है, जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

बरवाडीह-चोपन सेक्टर को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां:

क्र. सं.	रेलगाड़ी सं. और नाम
1	53351 बरवाडीह-चुनार पैसेंजर
2	53352 चुनार-बरवाडीह पैसेंजर
3	11631 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस
4	11632 धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस
5	53343 गोमो-चोपन पैसेंजर
6	53344 चोपन-गोमो पैसेंजर
7	18631 रांची-चोपन एक्सप्रेस
8	18632 चोपन-रांची एक्सप्रेस
9	18613 रांची-चोपन एक्सप्रेस
10	18614 चोपन-रांची एक्सप्रेस
11	12873 हटिया-आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस
12	12874 आनंद विहार (टी)-हटिया एक्सप्रेस
13	12453 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस
14	12454 नई दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस
15	19607 कोलकाता-मदार एक्सप्रेस
16	19608 मदार-कोलकाता एक्सप्रेस
17	19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस
18	19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस
19	13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस
20	13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस
21	18009 सांतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस
22	18010 अजमेर-सांतरागाछी एक्सप्रेस
23	18101 टाटानगर-जम्मू तवी एक्सप्रेस

24	18102 जम्मू तवी-टाटानगर एक्सप्रेस
25	18309 संबलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस
26	18310 जम्मू तवी-संबलपुर एक्सप्रेस
27	11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस
28	11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस

चोपन-टनकपुर सेक्टर को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां:

क्र. सं.	रेलगाड़ी सं. और नाम
1	15073/15074 सिंगरौली-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस
2	15075/15076 शक्तिनगर-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस

भारतीय रेल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई की सहायता से वैज्ञानिक विधि से समय-सारणी के युक्तिकरण का कार्य शुरू किया है, जिसमें रेलगाड़ी सेवाओं और ठहरावों का युक्तिकरण भी शामिल है। यह प्रक्रिया अन्य बातों के साथ-साथ, अनुरक्षण गलियारा ब्लॉकों के सृजन द्वारा, रेलगाड़ी सेवाओं की गति बढ़ाकर और समयपालन में सुधार करके बेहतर यात्री संरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई है। तदनुसार, यात्रियों की संरक्षा सुनिश्चित करने और ऑन-बोर्ड यात्रियों के साथ शंटिंग से बचने के लिए, भारतीय रेल द्वारा स्लिप कोच/लिंक रेलगाड़ियों को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

इसके अलावा, किसी भी रेलमार्ग/रेलखंड पर रेलगाड़ी सेवाओं की शुरुआत/पुनः शुरुआत करना एक सतत प्रक्रिया है और यह विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित कारक शामिल हैं:

- संबंधित रेलखंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण संबंधी आवश्यकता

*****